University in News on 07 October 2022

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

बीए, बीएससी की फिजिकल रिपोर्टिंग 10-11 को

लखनऊ विवि प्रशासन ने सेकंड अलॉटमेंट के बाद जारी किया कार्यक्रम

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लविवि ने बीए एनईपी, बीएससी मैथ्स एनईपी, बीएससी बायो एनईपी संग अन्य स्नातक कोर्सों की फिजिकल रिपोर्टिंग 10-11 अक्तूबर को निर्धारित की है। हाल ही में इन कोर्सों का सेकंड सीट अलॉटमेंट हुआ था। शुल्क जमा करने के बाद विद्यार्थियों को 10 अक्तूबर को उपस्थित होकर अपने मूल प्रमाण पत्र का सत्यापन कराना होगा।

प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि यूजी सत्र 2022-23 के अंतर्गत नवप्रवेशित विद्यार्थी अपने प्रोविजनल अलॉटमेंट लेटर के अनुसार मूल अभिलेखों व प्रमाण पत्रों की जांच के लिए निर्धारित स्थान व समय पर उपस्थित हों। बताया कि बीए एनईपी के ए से के अल्फाबेट के विद्यार्थी 10 अक्तूबर को सुबह 10 बजे अटल ब्लॉक, फैकल्टी ऑफ आर्ट्स, ओल्ड कैंपस में उपस्थित हों। जबकि एल से जेड अल्फाबेट के विद्यार्थी 11 अक्तूबर को सुबह 10 बजे पहुंचें। बीएससी मैथ्स एनईपी के ए से के अल्फाबेट के विद्यार्थी 10 अक्तूबर को सुबह 10 बजे डीन फैकल्टी ऑफ साइंस, ओल्ड कैंपस में उपस्थित हों, जबकि एल से जेड अल्फाबेट के विद्यार्थी 11 अक्तूबर को सुबह 10 बजे उक्त स्थान पर उपस्थित हों। वहीं बीएससी बायो एनईपी के ए से एम अल्फाबेट के विद्यार्थी 10 अक्तूबर को सुबह 10 बजे और एन से वाई अल्फाबेट के विद्यार्थी 11 अक्तूबर को सुबह 10 बजे डीन फैकेल्टी ऑफ साइंस, ओल्ड कैंपस में उपस्थित हों।

बीकॉम, बीसीए, बीबीए और एलएलबी की रिपोर्टिंग दस अक्तूबर को होगी

प्रो. माथुर ने बताया कि बीकॉम व बीकॉम ऑनर्स के विद्यार्थियों की फिजिकल रिपोर्टिंग 10 अक्तूबर को सुबह 10 बजे डीन फैकेल्टी ऑफ कॉमर्स, ओल्ड कैंपस स्थित कार्यालय में, बीवीए-बीएफए की डीन कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट्स, ओल्ड कैंपस के कार्यालय में होगी। एलएलबी इंटीग्रेटेड (पांच वर्षीय पाठ्यक्रम) की सेकंड कैंपस जानकीपुरम और बीबीए, बीबीए आईबी, बीबीए एमएस के विद्यार्थियों की फिजिकल रिपोर्टिंग 10 अक्तूबर को सुबह 10 बजे से निदेशक आईएमएस, सेकंड कैंपस जानकीपुरम में होगी। वहीं बीबीए टूरिज्म के विद्यार्थियों की फिजिकल रिपोर्टिंग निदेशक इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म स्टडीज, सेकंड कैंपस जानकीपुरम कार्यालय में होगी। बीसीए के विद्यार्थियों की रिपोर्टिंग 10 अक्तूबर को सुबह 10 बजे प्रोफेसर इंचार्ज फैकेल्टी ऑफ इंजीनियरिंग, सेकंड कैंपस जानकीपुरम और डीफार्मा के विद्यार्थियों की 10 अक्तूबर को सुबह 10 बजे निदेशक इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, सेकंड कैंपस जानकीपुरम के कार्यालय में होगी।

नए सत्र का छात्रावास आवंटन शुरू, दस तक कराना होगा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

लखनऊ। ... 2022-23 ... 2200 सी... हॉस्टल का विकल्प चुना है, ऐसे विद्यार्थी 10 सितंबर तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। 50 रुपये शुल्क जमा कर दस्तावेज अपलोड कर प्रक्रिया पूरी करें।

रजिस्ट्रेशन कराने में आ रही दिक्कत

लविवि : टेक्सटाइल में पीजी कोर्स शुरू होंगे

लखनऊ। लविवि के कला एवं शिल्प महाविद्यालय में कुछ कोर्सों में यूजी के साथ पीजी शुरू करने और नए विभाग शुरू करने का प्रस्ताव है। 14 अक्तूबर को होने वाली विद्या परिषद की बैठक में इसका प्रस्ताव आएगा।

हाल ही में यहां की संकाय परिषद ने बीएफए इन टेक्सटाइल की मांग को देखते हुए इसमें पीजी एमएफए टेक्सटाइल शुरू करने का प्रस्ताव पास किया है। वर्तमान में बीएफए इन टेक्सटाइल सेल्फ फाइनेंस में चलता है और इसमें 10 सीटें हैं जबकि पीजी में इसे बढ़ाने की तैयारी है। प्राचार्य प्रो. रतन कुमार ने बताया कि इसे मंजूरी के लिए विद्या परिषद में भेजा गया है। वहीं कॉलेज में क्राफ्ट में कई डिप्लोमा कोर्स भी अपग्रेड कर डिपार्टमेंट ऑफ क्राफ्ट एंड डिजाइन शुरू करने का प्रस्ताव संकाय परिषद ने पास किया है। इसे मंजूरी मिली तो आगे यहां पर यूजी कोर्स शुरू किए जा सकेंगे।

क्राफ्ट एंड डिजाइन का नया विभाग भी बनाने की तैयारी

पीजी के 13 विषयों की मेरिट लिस्ट जारी: लखनऊ। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर के अनुसार, एमए एआईएच एंड आर्कियोलॉजी, एमए एंथ्रोपोलॉजी, एमए क्रिमिनोलॉजी एंड क्रिमिनल जस्टिस एडमिनिस्ट्रेशन, एमए डिफेंस स्टडीज, एमए इकोनॉमिक्स, एमए एजुकेशन, एमए पॉलिटिकल साइंस, एमएससी एंथ्रोपोलॉजी, मास्टर पब्लिक हेल्थ, मास्टर ऑफ सोशल वर्क, एमवीए/एमएफए, एमवीए/एमएफए (डिपार्टमेंट ऑफ फाइन आर्ट्स), एमवीए/एमएफए (डिपार्टमेंट ऑफ स्कल्पचर) की मेरिट लिस्ट वेबसाइट पर जारी की गई है। (माई सिटी रिपोर्टर)

बीएससी-एमएससी एजी की परीक्षा 12 से

लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने बीयूएमएस का कार्यक्रम भी किया जारी

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लविवि से सहयुक्त महाविद्यालयों में बीएससी-एमएससी एजी की परीक्षाएं 12 अक्तूबर से होंगी। विवि प्रशासन ने बृहस्पतिवार को इसका व बीयूएमएस का विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम व सेंटर लिस्ट भी जारी कर दी है।

लविवि व सहयुक्त महाविद्यालयों में लगभग सभी यूजी-पीजी कोर्सों की फाइनल ईयर व अन्य वर्षों की परीक्षाएं हो चुकी हैं। फाइनल ईयर के तो परिणाम भी आ चुके हैं लेकिन बीएससी-एमएससी एजी का परीक्षा कार्यक्रम तक नहीं जारी हुआ था। अमर उजाला ने इसे प्रमुखता से उठाया जिसके बाद विवि प्रशासन ने कार्यक्रम जारी किया है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि बीएससी एजी ऑनर्स दूसरे सेमेस्टर एनईपी रेग्युलर की परीक्षाएं 12 से 28 अक्तूबर तक दोपहर दो से 3:30 बजे तक, बीएएससी एजी ऑनर्स दूसरे सेमेस्टर ओल्ड कोर्स (छूटे छात्रों व बैक पेपर) की परीक्षाएं 12 से 20 अक्तूबर तक, बीएससी एजी ऑनर्स चौथे सेमेस्टर नियमित की परीक्षाएं 12 से 28 अक्तूबर तक दोपहर दो से शाम पांच बजे तक होंगी। बीएससी एजी ऑनर्स चौथे सेमेस्टर ओल्ड कोर्स (बैक पेपर/छूटे छात्रों) की परीक्षाएं 12 से 19 अक्तूबर तक सुबह नौ से 12 बजे और बीएससी एजी ऑनर्स छठे सेमेस्टर की नियमित परीक्षाएं 12 से 21 अक्तूबर तक दोपहर दो से शाम पांच बजे तक होंगी।

उन्होंने बताया कि एमएससी एजी इंटोमोलॉजी दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 12 से 19 अक्तूबर तक, एमएससी एजी जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 12 से 19 अक्तूबर तक, एमएससी एजी एग्रोनॉमी दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 12 से 19 अक्तूबर तक, एमएससी एजी श्वॉयल साइंस एंड एग्रीकल्चर केमेस्ट्री की परीक्षा 12 से 19 अक्तूबर तक, एमएससी एजी हॉर्टीकल्चर दूसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 12 से 19 अक्तूबर तक, एमएससी एजी एग्रीकल्चर एक्सटेंशन दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा 12 से 19 अक्तूबर तक दोपहर दो से शाम पांच बजे तक होंगी। विस्तृत कार्यक्रम विवि की वेबसाइट पर अपलोड है।

अमर उजाला ने प्रमुखता से उठाया था मुद्दा

दस केंद्रों पर होगी परीक्षा

बीएससी-एमएससी एजी के लिए विवि की ओर से लखनऊ समेत रायबरेली, लखीमपुर खीरी, सीतापुर व हरदोई में दस परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसके साथ ही उक्त पांच जिलों में नौ नोडल केंद्र भी बनाए गए हैं।

बीयूएमएस की परीक्षाएं भी 12 से

लविवि से संबद्ध कॉलेजों में बीयूएमएस की परीक्षाएं भी 12 अक्तूबर से शुरू होंगी। परीक्षा नियंत्रक के अनुसार, बीयूएमएस फर्स्ट प्रोफेशनल (2020) के बैक 13 अक्तूबर से एक नवंबर तक, बीयूएमएस सेकेंड प्रोफेशनल (2019) के बैक 12 से 28 अक्तूबर तक, बीयूएमएस थर्ड प्रोफेशनल (2018) के बैक 13 अक्तूबर से तीन नवंबर तक, बीयूएमएस फाइनल प्रोफेशनल (2016) की परीक्षाएं 12 अक्तूबर से चार नवंबर तक दोपहर दो से शाम पांच बजे तक होंगी।

न्यू कैंपस के कमरों में बंद ताले खुलवाने का प्रयास

लखनऊ। लविवि न्यू कैंपस में पिछले दिनों डांडिया के बाद कैंपस के बाहर बवाल के बाद पुलिस व विवि प्रशासन ने हॉस्टल के दो कमरों में ताला बंद किया था। बृहस्पतिवार को कुछ छात्र उक्त कमरों का ताला खुलवाने पहुंचे। सूचना मिलने पर पहुंचे प्रोवोस्ट ने कहा कि जब तक जांच पूरी नहीं होती ताला नहीं खोला जाएगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

छह छात्रों को मिला चार लाख का पैकेज

I-NEXT PAGE 5

लखनऊ यूनिवर्सिटी बनाएगी आपको टेक्सटाइल में मास्टर

आर्ट्स संकाय परिषद की बैठक में मास्टर्स एमएफए डिग्री करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (6 Oct): लखनऊ यूनिवर्सिटी के कला एवं शिल्प महाविद्यालय में जल्द ही मास्टर्स डिग्री आफ टेक्सटाइल की शुरुआत होगी. अभी तक यह कोर्स स्नातक में चलता है. 14 अक्टूबर को होने वाली एकेडमिक काउंसिल की बैठक में इसके प्रस्ताव पर चर्चा होगी.

कई डिजाइन बनाना सीखेंगे

कला एवं शिल्प महाविद्यालय के प्राचार्य एवं डीन प्रो. रतन कुमार ने बताया कि अभी तक सेल्फ फाइनेंस मोड पर बैचलर आफ फाइन आर्ट (बीएफए) इन टेक्सटाइल चल रहा है. इसमें 10 सीटों पर प्रवेश का प्रविधान है. कुछ समय पहले हुई संकाय परिषद की बैठक में इस कोर्स में मास्टर्स डिग्री शुरू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी. अब विद्या परिषद में इसे अनुमोदन के लिए भेजा गया है. इसके अलावा महाविद्यालय में क्राफ्ट सेक्शन के अंतर्गत डिप्लोमा कोर्स के रूप में फर्नीचर डिजाइन, मेटल डिजाइन, वुड कार्विंग चलते थे. इसे अपग्रेड करके डिपार्टमेंट आफ क्राफ्ट एंड डिजाइन के रूप में विकसित करने की तैयारी है.

शुरू होगा पार्ट टाइम एमटेक कोर्स

एकेडमिक काउंसिल की बैठक में इंजीनियरिंग संकाय के अंतर्गत पार्ट टाइम एमटेक कोर्स भी शुरू करने के प्रस्ताव पर चर्चा होगी. फैकल्टी बोर्ड में इसे मंजूरी मिल चुकी है. सिर्फ एकेडमिक काउंसिल से अनुमोदन होना है. सहमति मिलने के बाद नौकरी करने वाले स्टूडेंट्स लखनऊ यूनिवर्सिटी से पार्ट टाइम मास्टर आफ टेक्नोलाजी (एमटेक) की पढ़ाई कर सकेंगे. छह सेमेस्टर का यह कोर्स उन्हें पांच साल में पूरा करना होगा. खास बात यह है कि इसकी कक्षाएं शाम छह से रात नौ बजे तक चलेंगी.

लखनऊ यूनिवर्सिटी के छह छात्रों का प्लेसमेंट

LUCKNOW (6 Oct): एलयू के इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में छह छात्रों का चयन हुआ है. इसमें कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के तीन छात्र प्रतीक गुप्ता, कार्तिकेय श्रीवास्तव, रोज गुप्ता, इलेक्ट्रानिक्स कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के दो छात्र चिरंजीव श्रीवास्तव, मोहम्मद सलमान अंसारी एवं एमसीए के छात्र वत्सल गुप्ता का प्लेसमेंट आईटी सर्विसेज कंपनी में हुआ. प्लेसमेंट इंचार्ज डा. हिमांशु पांडेय ने बताया कि कंपनी ने छात्रों को ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी के पद पर चार लाख प्रतिवर्ष का पैकेज आफर किया है. साथ ही इस आफर को प्रीमियर ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी (पैकेज 6 लाख प्रतिवर्ष) की भूमिका के लिए अपग्रेड करना का भी विकल्प दिया है.

डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन 10 अक्टूबर से शुरू

lucknow@inext.co.in

... फाइन आर्ट्स में और एलएलबी पांच वर्षीय में डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन डीन फैकल्टी आफ ला सेकेंड कैंपस में सुबह 10 बजे से होगा.

कोर्स वार वेरीफिकेशन

हॉस्टल के लिए 10 तक करना होगा आवेदन

lucknow@inext.co.in

50 रुपये पंजीकरण शुल्क

लखनऊ यूनिवर्सिटी में 17 हॉ... हैं. इनमें दो हजार से ज्यादा ...

इन्हें दिया गया मौका

HINDUSTAN PAGE 6

बीएससी- एमएससी एग्रीकल्चर परीक्षा 12 से

लखनऊ। एलयू के बीएससी एग्रीकल्चर आनर्स द्वितीय सेमेस्टर (एनईपी) की परीक्षा 12 अक्तूबर से 28 अक्तूबर तक होगी। बीएससी आनर्स द्वितीय सेमेस्टर ओल्ड कोर्स की परीक्षा 12 से 20 अक्तूबर, चतुर्थ सेमेस्टर न्यू कोर्स की परीक्षा 12 से 28 अक्तूबर तक होगी। एमएमसी एग्रीकल्चर एग्रोनॉमी द्वितीय सेमेस्टर, एग्रीकल्चर केमेस्ट्री हार्टिकल्चर एवं एग्रीकल्चर एक्टेंसशन की परीक्षा 12 से 19 अक्तूबर तक दोपहर दो बजे से पांच बजे की पाली में होंगी।

PIONEER PAGE 3

कला-शिल्प महाविद्यालय में होगी टेक्सटाइल डिजाइन कोर्स की पढ़ाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कला एवं शिल्प महाविद्यालय में परास्नातक स्तर पर मास्टर्स आफ टेक्सटाइल डिजाइन कोर्स की पढ़ाई होगी। अभी तक यह कोर्स महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर संचालित होता है। कोर्स को लेकर एकेडमिक काउंसिल की बैठक में इसके प्रस्ताव पर चर्चा होगी।

मंजूरी मिलने के बाद इसे कार्य परिषद से पारित करा कर एडमिशन लिया जायेगा। महाविद्यालय के प्राचार्य एंड डीन प्रो रतन कुमार ने बताया कि अभी तक सेल्फ फाइनेंस मोड पर बैचलर आफ फाइन आर्ट इन टेक्सटाइल चल रहा है। इसमें 10 सीटों पर प्रवेश का प्राविधान है। कुछ समय पहले हुई संकाय परिषद की बैठक में इस कोर्स में मास्टर्स डिग्री करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी। अब विद्या परिषद में इसे अनुमोदन के लिए भेजा गया है। वहीं डिप्लोमा कोर्स के रूप में फर्नीचर डिजाइन, मेटल डिजाइन, वुड कार्विंग को अपग्रेड करके डिपार्टमेंट आफ क्राफ्ट एंड डिजाइन के रूप में विकसित करने की तैयारी है। इसका प्रस्ताव भी भेजा गया है। यदि मंजूरी मिल गई तो छात्र फर्नीचर सहित कई चीजों की डिजाइन बनाना सीख सकेंगे।

JAGRAN CITY PAGE III

लवि : अब परास्नातक में भी टेक्सटाइल की डिग्री

जासं लखनऊ : लवि के कला एवं शिल्प महाविद्यालय में जल्द ही मास्टर्स डिग्री आफ टेक्सटाइल की शुरुआत होगी। अभी तक यह कोर्स स्नातक में चलता है। 14 अक्टूबर को होने वाली एकेडमिक काउंसिल की बैठक में इसके प्रस्ताव पर चर्चा होगी। मंजूरी मिलने के बाद विद्यार्थी इस कोर्स में मास्टर डिग्री भी ले सकेंगे।

कला एवं शिल्प महाविद्यालय के प्राचार्य एवं डीन प्रो. रतन कुमार ने बताया कि अभी तक सेल्फ फाइनेंस मोड पर बैचलर आफ फाइन आर्ट (बीएफए) इन टेक्सटाइल चल रहा है। इसमें 10 सीटों पर प्रवेश का प्रविधान है। कुछ समय पहले हुई संकाय परिषद की बैठक में इस कोर्स में मास्टर्स (एमएफए) डिग्री शुरू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई थी। अब विद्या परिषद में इसे अनुमोदन के लिए भेजा गया है। इसके अलावा महाविद्यालय में क्राफ्ट सेक्शन के अंतर्गत डिप्लोमा कोर्स के रूप में फर्नीचर डिजाइन, मेटल डिजाइन, वुड कार्विंग चलते थे। इसे अपग्रेड करके डिपार्टमेंट आफ क्राफ्ट एंड डिजाइन के रूप में विकसित करने की तैयारी है। इसका प्रस्ताव भी भेजा गया है। यदि मंजूरी मिल गई तो छात्र फर्नीचर सहित कई चीजों की डिजाइन बनाना सीख सकेंगे।

शुरू होगा पार्ट टाइम एमटेक कोर्स

एकेडमिक काउंसिल की बैठक में इंजीनियरिंग संकाय के अंतर्गत पार्ट टाइम एमटेक कोर्स भी शुरू करने के प्रस्ताव पर चर्चा होगी। फैकल्टी बोर्ड में इसे मंजूरी मिल चुकी है। सिर्फ एकेडमिक काउंसिल से अनुमोदन होना है। सहमति मिलने के बाद नौकरी करने वाले अभ्यर्थी लखनऊ विश्वविद्यालय से पार्ट टाइम मास्टर आफ टेक्नोलाजी की पढ़ाई कर सकेंगे। छह सेमेस्टर का यह कोर्स उन्हें पांच साल में पूरा करना होगा। खास बात यह है कि इसकी कक्षाएं शाम छह से रात नौ बजे तक चलेंगी।

AMRIT VICHAR PAGE 5

विश्वविद्यालय के छह छात्रों को मिला विशेष पैकेज

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के नियोजन सेल जिसमें कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के तीन छात्रों को चयनित किया गया है। जिन छात्रों का चयन हुआ है उनके नाम प्रतीक गुप्ता, कार्तिकेय श्रीवास्तव एवं रोज गुप्ता बताए जा रहे है। वहीं इलेक्ट्रॉनिक्स कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के दो छात्रों चिरंजीव श्रीवास्तव और मोहम्मद सलमान अंसारी को भी चार लाख प्रतिवर्ष का पैकेज मिलने की बात सामने आ रही है। इसके अलावा एमसीए के छात्र वत्सल गुप्ता का प्लेसमेंट आईटी सर्विसेज कम्पनी हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीस में हुआ है।

लवि : छह छात्रों का हुआ प्लेसमेंट

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में छह छात्रों का चयन हुआ है। इसमें कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के तीन छात्र प्रतीक गुप्ता, कार्तिकेय श्रीवास्तव, रोज गुप्ता, इलेक्ट्रानिक्स कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के दो छात्र चिरंजीव श्रीवास्तव, मोहम्मद सलमान अंसारी एवं एमसीए के छात्र वत्सल गुप्ता का प्लेसमेंट आईटी सर्विसेज कंपनी में हुआ। प्लेसमेंट इंचार्ज डा. हिमांशु पांडेय ने बताया कि कंपनी ने छात्रों को ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी के पद पर चार लाख प्रतिवर्ष का पैकेज आफर किया है। साथ ही इस आफर को प्रीमियर ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी (पैकेज 6 लाख प्रतिवर्ष) की भूमिका के लिए अपग्रेड करना का भी विकल्प दिया है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं इंजीनियरिंग संकाय के प्रोफेसर इंचार्ज प्रो. आरएस गुप्ता ने चयनित छात्राओं को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

SWATANTRA BHARAT PAGE 5

एलयू के 6 छात्रों का प्लेसमेंट

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। एलयू के इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के 3 छात्रों प्रतीक गुप्ता, कार्तिकेय श्रीवास्तव एवं रोज गुप्ता तथा इलेक्ट्रॉनिक्स कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के 2 छात्रों चिरंजीव श्रीवास्तव और मो. सलमान अंसारी एवं एमसीए छात्र वत्सल गुप्ता का प्लेसमेंट प्रतिष्ठित आई.टी सर्विसेज कम्पनी हेक्सावेयर टेक्नोलॉजीस में हुआ। इंजी. संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि कंपनी ने छात्रों को ग्रैजुएट इंजीनियर ट्रेनी के पद पर चार लाख प्रतिवर्ष का पैकेज ऑफर किया है, साथ ही इस ऑफर को प्रीमियर ग्रेजुएट इंजीनियर ट्रेनी पैकेज 6 लाख प्रतिवर्ष की भूमिका के लिए अपग्रेड करने का ऑप्शन भी दिया है। एलयू कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं इंजीनियरिंग संकाय के इंचार्ज प्रो.आर.एस. गुप्ता ने चयनित छात्राओं को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

एलयू ने परास्नातक प्रवेश की कम्पलीट मेरिट लिस्ट जारी की

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। एलयू की परास्नातक प्रवेश के अंतर्गत एमए में- एआईएच एवं ऑर्कियोलॉजी, एंथ्रोपोलॉजी, क्रिमीनोलॉजी एवं क्रिमिनल जस्टिस एडमिनिस्ट्रेशन, डिफेंस स्टडीज, इकोनॉमिक्स, एजुकेशन, पॉलिटिकल साइंस, एमएससी- एंथ्रोपोलॉजी, मास्टर्स- पब्लिक हेल्थ कम्युनिटी मेडिसिन, सोशल वर्क, एमवीए / एमएफए- डिपार्टमेंट ऑफ कॉमर्शियल आर्ट, कैम्पेन विजुवलॉइजेशन/ इलुस्ट्रेशन/ फोटोग्राफी, डिपार्टमेंट ऑफ फॉइन आर्ट- पेंटिग, प्रिंट मेकिंग,म्यूरल, फ्रेश्कॉल, सिरेमिक्स, मेटल स्कल्पचर एवं स्टोन स्कल्पचर जैसे विषयों की प्रोविजनल कम्पलीट मेरिट लिस्ट वेबसाइट के एडमिशन पेज पर परास्नातक के अंतर्गत जारी कर दी गयी है।

बीएससी-एमएससी एग्रीकल्चर की परीक्षाएँ 12 से

लविवि के छह छात्र चयनित

पीजी के विभिन्न कोर्सों की मेरिट सूची जारी

VoL PAGE 3

हॉस्टल आवंटन के लिए सत्यापन 10 से

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में हॉस्टल आवंटन के लिए विभिन्न पाठ्यक्रम के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के मूल दस्तावेज का सत्यापन 10 व 11 अक्टूबर को होगा। इसकी जानकारी देते हुए प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि विश्वविद्यालय की स्नातक प्रवेश के अंतर्गत विभिन्न पाठ्यक्रमों में 10 अक्टूबर को डीफार्मा, बीबीए, बीबीए (आईबी), बीबीए (एमएस), बीबीए (ट्यूरिज्म) और बीसीए, बीकॉम, बीकॉम आनर्स, बीवीए व बीएफए और एलएलबी पंचवर्षीय पाठ्यक्रम शामिल है। इसके अलावा 10 व 11 अक्टूबर को एनईपी कोर्स के तहत बीए, बीएससी मैथ व बीएससी बायो के छात्रों का सत्यापन होगा। इसमें नव प्रवेशित छात्रों को अपने मूल अभिलेखों के साथ सत्यापन के लिए उपस्थित होना होगा।

अभिलेख सत्यापन 10 से

स्नातक में प्रवेश लेने वाले छात्रों के लिए कार्यक्रम जारी

कोर्स वार सत्यापन की तिथि

पीजी के कई विषयों की मेरिट सूची जारी

हास्टल के लिए 10 तक करें आनलाइन आवेदन

बीएससी, एमएससी कृषि की सेमेस्टर परीक्षाएं 12 से

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीएससी आनर्स कृषि और एमएससी कृषि सेमेस्टर परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया। यह परीक्षाएं 12 अक्टूबर से शुरू होंगी। इन परीक्षाओं के लिए केंद्रों का निर्धारण भी कर दिया गया है। परीक्षाएं 10 केंद्रों पर होंगी। अभी तक परीक्षा कार्यक्रम जारी न होने से करीब 19 कालेजों के विद्यार्थी परेशान थे। बीती 30 सितंबर को दैनिक जागरण ने इस समस्या को प्रमुखता से उठाया था, जिसके बाद अब विस्तृत कार्यक्रम जारी किया गया है। विद्यार्थी वेबसाइट से इसे डाउनलोड कर सकते हैं।

इन केंद्रों पर होंगी परीक्षाएं : महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय हरदोई, दिव्यानंद विद्यालय महाविद्यालय हरदोई, वाईडी पीजी कालेज लखीमपुर खीरी, लखनऊ विश्वविद्यालय ओल्ड कैंपस, चंद्रभानु गुप्ता कृषि महाविद्यालय बीकेटी, दयानंद बछरावां डिग्री कालेज रायबरेली, डा.अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय ऊंचाहार, रायबरेली, आरएमपी पीजी कालेज सीतापुर, कृष्णपाल सिंह महाविद्यालय सीतापुर, श्री गांधी डिग्री कालेज सिधौली।

जागरण प्रभाव

परीक्षा कार्यक्रम

बीएससी कृषि आनर्स द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 12 से 28 अक्टूबर, ओल्ड कोर्स की परीक्षा 12 से 20 अक्टूबर, बीएससी कृषि आनर्स चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 12 से 28 अक्टूबर, इसके ओल्ड कोर्स की परीक्षा 12 से 19 अक्टूबर, बीएससी कृषि आनर्स छठे सेमेस्टर की परीक्षा 12 से 21 अक्टूबर तक होगी। इसी तरह एमएससी कृषि एंटोमोलाजी द्वितीय सेमेस्टर, एमएससी कृषि जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग द्वितीय सेमेस्टर, एमएससी कृषि एग्रोनामी द्वितीय सेमेस्टर, एमएससी कृषि स्वायल साइंस एंड एग्रीकल्चर केमिस्ट्री, एमएससी कृषि हर्टिकल्चर द्वितीय सेमेस्टर और एमएससी कृषि एग्रीकल्चर एक्सटेंशन द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा 12 से 19 अक्टूबर तक होगी। इसके अलावा बीयूएमएस प्रथम, द्वितीय, तृतीय व फाइनल परीक्षाओं का कार्यक्रम भी जारी किया गया है।